bomb blasts in Bombay. Enquiries regarding the absconders have revealed that out of 46 absconders 34 are suspected to be abroad, mainly in UAE and Pakistan. Red Corner Alert Notices have been got issued and circulated through Interpol in respect of 23 persons which included Dawood Ibrahim, his brother Anis Ibrahim and Members of the Memon family. India does not have any Extradition Treaty with either UAE on Pakistan. There is, however, no bar on any country seeking extradition of an individual from another country with which it has no Treaty/Agreement. Accordingly, formal extradition requests have already been made to the respective Governments of UAE and Pakistan. Inida has extradition treaties with the following countries:

1. Bhutan
2. Belgium
3. Canada
4. Nepal
5. Netherlands
6. Uganda
7. U.K.
8. USA.

Negotiations for conclusion of extradition treaties with a few other countries are in progress.

सीमा क्षेत्रों से घुसपैठ

222. श्री राम जेठमलानी :
श्री वीरेन जे० शाह:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि गत वर्षों के दौरान बहुत बड़ी संख्या में लोग भारत में घुसपैठ करके आए हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की है जो सीमाक्षेत्रों से अवैध रूप से घुसपैठ करके आए हैं ;

(ग) मार्च, 1994 तक इन देशों में से प्रत्येक के नागरिकों की संख्या कितनी है और ये नागरिक कौन-कौन से राज्यों में पाए गए थे ;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार को देश के सीमा क्षेत्रों को पूर्ण रूप से सील करने के लिए इस्राइल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) सरकार को पड़ौसी देशों और विशेष रूप से बंगला देश से, विदेशी राष्ट्रिकों द्वारा अवैध रूप से घुसपैठ किए जाने की गंभीर समस्या के बारे में जानकारी है । चूंकि ऐसे अवैध प्रवासी चोरी छिपे भारत में प्रवेश करते हैं और स्थानीय जनता में घुल मिल जाते हैं, अतः ऐसे व्यक्तियों की सही संख्या का पता लगाना कठिन है जो कि अवैध रूप से देश में रह रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य घुसपैठ के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं ।

(घ) और (ङ) देश की सीमाओं को पूर्ण रूप से सील करने के बारे में सरकार को इजराइल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है